अहमदाबाद काउंटर मैग्रेट सिटी योजना हेतु धराशि

4404. **श्री गोपाल सिंह जी.सोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1990 से 1996 के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा गुजरात को अहमदाबाद काउंटर मैग्रेट सिटी परियोजना के लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि प्रदान की गई;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत कुल कितने गांवों को लाया जाएगा और इस उद्देश्य के लिए कितनी एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव है ;

(ग) क्या अहमदाबाद की झोपड़-पट्टी बस्तियों को इस परियोजना में शामिल किया जाएगा; और

(घ) इस परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है ?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. यू.वेकटेश्वरलू) : (क) अहमदाबाद सानी शहर (काउण्टर मैग्रेट शहर) के लिए केन्द्र सरकार ने गुजरात सरकार को धनराशि मुहैया नहीं करायी है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात में शहरी गरीब व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएं

4405. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शहरी गरीब व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात के कितने शहरों में विकास कार्य किए गए हैं ;

(ख) अहमदाबाद,राजकोट,गोधरा,जामनगर और भुज में उक्त योजना के अंतर्गत कितना विकास हुआहै ;

(ग) इस उद्देश्य के लिए इन शहरों को वर्ष 1994-95 और 1995-1996के दौरान क्रमश: कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(घ) इस संबंध में किए गए विकास कार्यों का शहर-वार ब्यौरा क्या है ?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. यू.वेकटेश्वरलू) : (क) निर्धनों के लिए शहरी बुनियादी सेवा योजना (यूबीएसपी) के तहत गुजरात के 27 कस्बों को शामिल किया जा रहा है।

(ख) यूबीएसपी कार्यक्रम के अन्तर्गत अहमादाबाद तथा जामनगर कस्बे योजना के प्रारंभ से ही शामिल किए गए हैं। गोधरा तथा भुज कस्बे हाल ही में कार्यक्रम में शामिल किए गए हैं। अत: इन कस्बों में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए प्रारंभिक कार्य किया जा रहा है। राजकोट कस्बा कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल नहीं है। सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं की भांति इस योजना के तहत शहरी निर्धनों के लिए दक्षता उन्नयन योजना,स्वरोजगार तथा आय-सृजन कार्यकलाप,शिक्षा तथा स्वास्थ्य की जानकारी देने वाले कार्यक्रम, मां तथा बच्चे की देखभाल,प्रसव पूर्व तथा इसके बाद चिकित्सा इत्यादि जैसे विकास कार्यकलापों का प्रावधान है।

(ग) जैसे कि उपर्युक्त भाग (ख) के उत्तर में बताया गया है, 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान केवल अहमदाबाद तथा जामनगर नगरों में ही यूबीएसपी कार्यक्रम लागू हैं। इन कस्बों को आवंटित धनराशि इस प्रकार है:-

(रुपए लाखों में)

	1994-95	1995-96
अहमदाबाद	11.96	12.94
जामनगर	4.76	4.13

(घ)इन दोनों नगरों द्वारा 1994-95 तथा 1995-96 के दौरान की गई प्रगति का कार्यकलाप-वार ब्यौरा संलग्न विवरण-। तथा ॥ में दिया गया है।